रजिस्ट्री सं० डी० 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 11] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 12, 1966 (फाल्गुन 21, 1887)

No. 11] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 12, 1966 (PHALGUNA 21, 1887)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस

NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 21 फरवरी 1966 तक प्रकाशित किये गये थे :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 21st February 1966 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
Nil (शून्य)			

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्र की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

भाग I—खण्ड 2

PART I—SECTION 2

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

प्रधान मंत्री सचिवालय

नई दिल्ली-11, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० एफ० 21/261/48/पी०एम०ए०—राष्ट्रपति जी ने निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नाम के आगे दिखाये हुये पदों पर, सूचना और प्रसारण मंत्रालय से स्थानान्तरण होने पर, 25 जनवरी, 1966 के पूर्वाह्न से सहर्ष नियुक्त किया है :—

क्रमांक	नाम	पद जिस पर नियुक्ति की गई
1	श्री एन० के० शेषन्	प्रधान मन्त्री जी के निजी सचिव
2	श्री वाई० पी० आर० कपूर	प्रधान मन्त्री जी के निजी सचिव
3	श्रीमती एमी कृष्णा	प्रधान मन्त्री जी के अतिरिक्त निजी सचिव
4	श्री एम० सी० गुप्ता	प्रधान मन्त्री जी के वैयक्तिक सहायक

ब्रजेश कुमार सिंह, अवर सचिव

मंत्रिमंडल सचिवालय

(सांख्यिकी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 23 फरवरी 1966

सं० 2/1/65-सिब्बंदी II—सांख्यिकी विभाग के विशेष कार्य अधिकारी राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण निदेशालय के गुजरात खंड, बड़ौदा के अधीक्षक श्री जे० पी० काम्बले को राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण, पूना में **सदर्थ** आधार पर दिनांक 7 फरवरी 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक स्थानापन्न तौर पर क्षेत्रीय अधिकारी नियुक्त करते हैं।

बी० एस० राव, अवर सचिव

राज्य-सभा सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 मार्च 1966

सं० आर० एस०/139/इस्टेब्लिशमेंट पी०—राज्य-सभा सचिव के निजी सचिव, श्री पी० सी० मल्लिक, 28 फरवरी 1966 के मध्याह्न पश्चात् से सेवा-निवृत्त हुए।

सं० आर० एस०/2(8)/66—पर्सोनेल—सचिव के निजी सहायक श्री एस० बी० कुमार को, आगामी आदेश तक, 1 मार्च, 1966 के मध्याह्नपूर्व से स्थानापन्न निजी सचिव नियुक्त किया गया है।

दिनांक 3 मार्च 1966

सं० आर० एस० 2(1)/66—पर्सोनेल—राज्य-सभा के सभापति ने राज्य-सभा सचिवालय के स्थायी सेक्शन आफिसर, श्री एम० के० जैन को आगामी आदेश तक, 1 मार्च, 1966 के मध्याह्नपूर्व से उसी सचिवालय में स्थानापन्न अवर सचिव नियुक्त करने की कृपा की है।

सं० आर० एस०/2(1)/66—पर्सोनेल—राज्य-सभा सचिवालय के स्थायी असिस्टेंट रिसर्च आफिसर, श्री ए० वी० एस० आयंगार को, आगामी आदेश तक, 1 मार्च, 1966 के मध्याह्नपूर्व उसी सचिवालय में स्थानापन्न रिसर्च आफिसर नियुक्त किया गया है।

सं० आर० एस०/2(1)/66//पर्सोनेल—राज्य-सभा सचिवालय के स्थायी असिस्टेंट, श्री पी० एन० देब को श्री एम० के० जैन, सेक्शन आफिसर, जिन्हें स्थानापन्न अवर सचिव नियुक्त किया गया है, के स्थान पर, आगामी आदेश तक, 1 मार्च, 1966 के मध्याह्नपूर्व से उसी सचिवालय में स्थानापन्न सेक्शन आफिसर नियुक्त किया गया है।

पी० के० भोर, अवर सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली-1, दिनांक 25 फरवरी 1966

सं० एफ० 2(41)/65-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, निम्न भारतीय अर्थ सेवा के ग्रेड-1 अधिकारियों तथा योजना आयोग के निदेशकों को 22 फरवरी, 1966 से आगामी आदेश मिलने तक योजना आयोग में प्रभाग के प्रमुखों के अस्थायी पदों पर सहर्ष नियुक्त करते हैं :—

(1) श्री एम० शागिल
(2) डा० डी० के० घोष
(3) श्री के० एल० लूथरा

दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० एफ० 4(54)/65-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, भारतीय अर्थ सेवा के ग्रेड-4 अधिकारी और योजना आयोग में अनुसंधान अधिकारी श्री एस० एन० पन्नीकर को 17 फरवरी 1966 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेश मिलने तक योजना आयोग में स्थानापन्न वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० एफ० 6(546)/66-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा, वर्ग 'सी' के अधिकारी तथा अखिल भारतीय स्वच्छता तथा जन-स्वास्थ्य संस्थान, कलकत्ता में मुख्य अधिकारी, जनसंख्या अध्ययन, डा० आर० एन० बासु को 21 फरवरी, 1966 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेश मिलने तक योजना आयोग में स्थानापन्न वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी सहर्ष नियुक्त करते हैं।

धनी राम, अवर सचिव

कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1966

सं० का० मू० सं०/20(14)/65-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, श्री वी० गोपालन को कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (योजना आयोग) में, 19 फरवरी, 1966 से रुपये 900—50—1250 के वेतनमान में स्थायी रूप से उप-निदेशक के स्थायी पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 2 मार्च 1966

सं० का० मू० सं०/1(16)/63-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (योजना आयोग) नई दिल्ली में आर्थिक अन्वेषक ग्रेड-1 श्री वी०वी० सुब्बाराव, को 15 फरवरी, 1966 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेश मिलने तक उक्त संगठन तथा स्थान पर अनुसंधान अधिकारी के बिल्कुल अस्थायी पद पर तदर्थ आधार पर, सहर्ष नियुक्त करते हैं।

जगतनारायण जैन, अवर सचिव

विधि मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 21 फरवरी 1966

सं० फा० 12(6)/66-प्रशा०-1 (वि० का०)—राष्ट्रपति ने भारत के उद्योग वित्त निगम के स्टेनोग्राफर (ग्रेड 1) और सूचना और प्रसारण के उपमंत्री के भूतपूर्व निजी सहायक श्री एस० वेंकटासुब्रह्मण्यन को 25 जनवरी, 1966 के पूर्वाह्न से अपर आदेश पर्यन्त रु० 350—25—650 के वेतनमान में विधि कार्य विभाग, विधि मंत्रालय, नई दिल्ली, में राज्य मंत्री के स्थानापन्न प्रथम निजी सहायक (केन्द्रीय सचिवालय स्टेनोग्राफर सेवा से अपवर्जित) के रूप में नियुक्त किया है।

दिनांक 23 फरवरी 1966

सं० फा० 12(5)/66-प्रशा० 1 (वि० का०)—राष्ट्रपति, ने गृह मंत्रालय के संवर्ग में केन्द्रीय सचिवालय स्टेनोग्राफर सेवा के ग्रेड 2 आफिसर और इससे पूर्व मंत्रि-मण्डल सचिवालय सांख्यिकी विभाग में (ऊपर वाली सेवा के ग्रेड 2) स्टेनोग्राफर श्री श्यामदास चोपड़ा को, 15 फरवरी 1966 के पूर्वाह्न से अपर आदेश पर्यन्त विधि मंत्री के स्थानापन्न प्रथम निजी सहायक के रूप में 350—25—650 रु० के वेतनमान में विधि मंत्रालय, विधि कार्य विभाग में नियुक्त किया है।

ई० वेंकटेश्वरन, अवर सचिव

नई दिल्ली-1, दिनांक 1 मार्च 1966

सं० फा० 18(12)/65-जे०—राष्ट्रपति ने श्री सी० के० दफ्तरी, बैरिस्टर एट-ला को 2 मार्च, 1966 से तीन वर्ष की कालावधि के लिए भारत के महा न्यायवादी के रूप में पुनः नियुक्त किया है।

आर० एस० गाय, सचिव

कम्पनी कार्य विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक 19 फरवरी 1966

सं० पी-एफ-जी (216)-सी-एल-ए/66—राष्ट्रपति ने पश्चिमी बंगाल के कलकत्ता स्थित आयकर आयुक्त कार्यालय के आयकर आफिसर श्री डी० सी० दत्त को 7 फरवरी, 1966 के पूर्वाह्न से अपर आदेश पर्यन्त विधि मंत्रालय के कम्पनी कार्य विभाग में स्थानापन्न सहायक अन्वेषण आफिसर के रूप में नियुक्त किया है जिसका मुख्यालय कलकत्ता में है।

के० सी० चांद, अवर सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-11, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० 17/16/65-ए० आई० एस० (3)—राष्ट्रपति जी सहर्ष 1962 की सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर परिवीक्षाधीन रूप से भारतीय पुलिस सेवा के पश्चिमी बंगाल संवर्ग में नियुक्त निम्नलिखित अधिकारी को उसके सामने दी गई तिथि से भारतीय पुलिस सेवा में स्थाई करते हैं :—

श्री सतीश भण्डारी 15 जनवरी 1966

सं० 21/118/65-ए० आई० एस० (3)—राष्ट्रपति, श्री ए० सी० बंसल को 1 फरवरी 1966 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेश होने तक के लिये, अस्थाई रूप में राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में विधि के प्रोफेसर के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

ओ० एस० मारवा, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० 485/66-डी० एच० (एम०)—श्री प्रेम राज महाजन, आई० ए० एस० (दिल्ली और हिमाचल प्रदेश), 18 जनवरी 1966 की पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक हिमाचल प्रदेश सरकार के वित्त सचिव नियुक्त किये जाते हैं।

दिनांक 2 मार्च 1966

सं० 2/3/66-डी० एच० (एस०) (i)—राष्ट्रपति प्रसन्नतापूर्वक विशन दास (जन्म तारीख 25 मार्च 1913) को दिल्ली और हिमाचल प्रदेश प्रशासन सेवा के वर्ग (सेलेक्शन ग्रेड) में 2 सितम्बर 1964 से स्थायी रूप में नियुक्त करते हैं।

सं० 2/3/66-डी० एच० (एस०) (ii)—राष्ट्रपति प्रसन्नतापूर्वक निम्नलिखित अधिकारियों की नियुक्ति अस्थायी रूप में 2 सितम्बर 1964 से दिल्ली और हिमाचल प्रदेश प्रशासन सेवा के वर्ग I (सेलेक्शन ग्रेड) में करते हैं :—

1. श्री सुशील चन्द्र पाण्डेय
2. श्री अलोपी नारायण दीक्षित

सं० 2/3/66-डी० एच० (एस०) (iii)—राष्ट्रपति प्रसन्नतापूर्वक सुशील चन्द्र पाण्डेय को 14 अगस्त 1965 से दिल्ली और हिमाचल प्रदेश प्रशासन सेवा के वर्ग I (सेलेक्शन ग्रेड) में स्थायी करते हैं।

सं० 2/3/66-डी० एच० (एस०) (iv)—भारत सरकार के गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या 2/22/65-डी० एच० (एस०) (iii), तारीख 26 नवम्बर 1965, जो भारत के राजपत्र, भाग 1 खण्ड 2 में प्रकाशित हुई थी, एतद्द्वारा विलोपित की जाती है।

ए० एफ० कुटो, उप-सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० 4/105/65-ए० एन० एल०—राष्ट्रपति, मद्रास लोक निर्माण विभाग, सेलम के भूतपूर्व कार्यपालक अभियन्ता श्री उन्निकृष्णन नेडुंगाडि को 2 फरवरी 1966 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक अंडमान लोक निर्माण विभाग में कार्यपालक अभियन्ता के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

यज्ञदत्त सहगल, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 1 मार्च 1966

सं० 1/9/65-सिब्बंदी (ड०)—राष्ट्रपति, भारतीय सांख्यिकी सेवा के ग्रेड 2 अधिकारी श्री के० एल० सक्सेना को उक्त सेवा के ग्रेड-1 में पदोन्नति प्रदान कर दिनांक 25 जनवरी, 1966 के अपराह्न से अगला आदेश जारी होने तक के लिए केन्द्रीय सांख्यिकी संस्थान (आई० एन० पक्ष), कलकत्ता में संयुक्त निदेशक के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 35/5/66-इस्टे० (ब)—राष्ट्रपति जी गृह मंत्रालय के संवर्ग से सम्बद्ध अनुभाग अधिकारी श्रेणी के स्थायी अधिकारी, श्री जी० सी० अदवानी, को केन्द्रीय सचिवालय प्रशिक्षण विद्यालय नई दिल्ली में 11 फरवरी (दोपहर पूर्व) से सहर्ष प्रशिक्षक अनुभाग अधिकारी श्रेणी नियुक्त करते हैं।

दिनांक 3 मार्च 1966

सं० 19/10/65—सिब्बन्दी (ई०)—राष्ट्रपति, भारतीय अर्थ सेवा के ग्रेड 4 अधिकारी तथा लघु उद्योग निदेशालय के सहायक निदेशक श्री बी० एल० बंसल को उक्त सेवा के ग्रेड 3 में पदोन्नति प्रदान कर दिनांक 9 जनवरी, 1966 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक के लिये स्थानापन्न रूप से योजना आयोग में वरिष्ठ गवेषणा अधिकारी सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 28/14/65-सिब्बन्दी (ई०)—राष्ट्रपति, भारतीय अर्थ सेवा के ग्रेड I अधिकारी डा० आर० एन० पोद्दार का सरकारी सेवा से त्यागपत्र दिनांक 20 दिसम्बर, 1965 के पूर्वाह्न से सहर्ष मंजूर करते हैं।

एन० रघुनाथन, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 2 मार्च 1966

सं० 20/जी०/54-प्रशासन-1 (अ)—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा ग्रेड 1 के स्थायी अधिकारी एवं उसी सेवा की सलैक्शन ग्रेड में स्थानापन्न अधिकारी श्री मंगली प्रसाद को 1 फरवरी 1966 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश होने तक गृह मंत्रालय में उप-सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं।

सं० 20/जी०/512-प्रशासन (अ)—राष्ट्रपति, रक्षा मंत्रालय के वर्ग 1 के स्थायी अवर सचिव श्री आर० के० सुन्दरसेन को 11 फरवरी 1966 के पूर्वाह्न से गृह मंत्रालय में सचिव, केन्द्रीय सचिवालय क्रीड़ा नियंत्रणा मण्डली के पद पर वेतन श्रेणी रु० 900—50—1250 तथा रु० 100 प्रतिमास विशेष वेतन पर आगामी आदेश होने तक नियुक्त करते हैं।

जी० डी० गुप्ता अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 3 मार्च 1966

संख्या 10/1/66-सी०एस० (1) भाग (6)—राष्ट्रपति जी औद्योगिक प्रबंध समुच्चय प्रबंध के स्थायी ग्रेड चार के अधिकारी श्री के० एल० सेहगल को उस समुच्चय के ग्रेड तीन (रु० 2000—125—2250) में दिनांक 29 नवम्बर, 1965 से आगामी आदेश जारी होने तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 4/17/65-सी०एस० (1)—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के स्थाई ग्रेड 1 के अधिकारी श्री आर० के० बलबीर का सरकारी सेवा से त्यागपत्र 1 अगस्त, 1964 से राष्ट्रपति जी सहर्ष स्वीकार करते हैं।

के० त्यागराजन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० 26(5)ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के गृह मंत्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एन० एच० रामाकृष्णन् को उस सेवा ग्रेड I (एक) में दिनांक 16-1-1966 से 14-2-1966 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

दिनांक 2 मार्च 1966

सं० 10/6/65-जुडीशियल-1—संविधान के अनुच्छेद 223 द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति जी, केरल उच्चन्यायालय का न्यायाधिपति श्री प० ट० रमन नैयार को न्यायाधिपति श्री म० स० मेनन के स्थान पर उनके अवकाश के दौरान 7 मार्च 1966 से उस उच्चन्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति के कार्य के लिए नियुक्त करते हैं।

दिनांक 3 मार्च 1966

सं० 3(15) ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के श्रम व रोजगार मंत्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एच० आर० छाबरा को उप सेवा के ग्रेड I (एक) में दिनांक 1-1-1966 से अग्र आदेश पर्यन्त स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 1(2) ई० ओ०/66—राष्ट्रपति जी केन्द्रीय सचिवालय सेवा के परिवहन विभाग संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री शिवराम को उस सेवा के ग्रेड I (एक) में दिनांक 31-1-66 से 28-2-1966 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

चन्द्र प्रकाश गुप्त, संयुक्त सचिव

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 22 फरवरी 1966

सं० 21-पी० टी०- II/66—भारत के राष्ट्रपति ने, मद्रास में जापान का प्रधान कौंसलावास खोलना स्वीकार कर लिया है और वे 7 फरवरी 1966 से मद्रास में जापान के प्रधान कौंसल के रूप में श्री तोशिहिरो किवकावा की नियुक्ति को अस्थायी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

बी० ए० राजागोपालन, अवर सचिव

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क संस्थापन

नई दिल्ली, दिनांक 21 फरवरी 1966

सं० 19—बम्बई केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय में सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्त्ता श्री बी० बी० सूर्यनारायणन् को 10 नवम्बर 1965 से 120 दिन की अर्जित छुट्टी और तत्पश्चात् अर्ध वेतन पर 124 दिन की छुट्टी स्वीकृत की गयी है। उनको अपनी छुट्टी के पहले 9 नवम्बर 1965 की छुट्टी को भी शामिल करने की अनुमति दी गयी है।

श्री सूर्यनारायणन् को छुट्टी की समाप्ति पर सेवा निवृत्त होने की भी अनुमति दी जाती है।

इस मंत्रालय की अधिसूचना संख्या 220—सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क संस्थापन—दिनांक 1 जनवरी 1966 को इसके द्वारा रद्द किया जाता है।

सं० 20—स्थानांतरण पर, सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के उप समाहर्त्ता श्री वी० के० अस्थाना ने, जो हाल में गाजीपुर में नारकोटिक्स विभाग में डिप्टी नारकोटिक्स कमिश्नर के पद पर नियुक्त थे, 13 जनवरी 1966 के दोपहरपूर्व से नई दिल्ली में राजस्व गुप्तचर्या के सहायक निदेशक का कार्य-भार संभाल लिया।

सं० 21—सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्त्ता, श्री एन० एन० राय चौधरी को, जो हाल में नई दिल्ली में निरीक्षण निदेशालय (सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क) में निरीक्षी अधिकारी के पद पर नियुक्त थे, 17 जनवरी 1966 के दोपहरबाद से तथा अगला आदेश होने तक, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय, दिल्ली में सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के स्थानापन्न उप समाहर्त्ता के पद पर नियुक्त किया गया है।

सं० 30—श्री एस० वेंकटरामन, समाहर्त्ता, सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, कोचीन ने 28 जनवरी 1966 के दोपहर-बाद से अपने स्वयं के कार्य के अतिरिक्त श्री सी० टी० ए० पिल्लै के स्थान पर, जो 8 दिन की अर्जित छुट्टी पर चले गये हैं, समाहर्त्ता, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, बंगलूर का कार्यभार संभाल लिया है।

एन० सुब्रह्मण्यन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 2 मार्च 1966

सं० 22—बहाल किये जाने और छुट्टी से लौटने पर, सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सहायक समाहर्त्ता श्री ए० डी० नागपाल ने, जो पिछले दिनों बम्बई सीमा शुल्क गृह में नियुक्त थे, 3 जनवरी 1966 के दोपहरपूर्व से श्री एम० एस० पाई के स्थान पर, जिनका स्थानांतरण हो गया है, कलकत्ता सीमा शुल्क गृह में सीमा शुल्क के सहायक समाहर्त्ता का कार्य-भार संभाल लिया।

सं० 23—छुट्टी से लौटने और स्थानांतरण पर, सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्त्ता, श्री एच० एल० बनर्जी ने, जो हाल में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय, कलकत्ता एवं उड़ीसा, कलकत्ता में नियुक्त थे, 13 जनवरी 1966 के दोपहरपूर्व से केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय, पटना में सहायक समाहर्त्ता (सतर्कता), पटना, के नवनिर्मित पद का कार्य-भार संभाल लिया।

सं० 24—स्थानांतरण पर, सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सहायक समाहर्त्ता कुमारी वरलक्ष्मी ने, जो हाल में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय मद्रास, में नियुक्त थीं, 13 जनवरी 1966 के दोपहरपूर्व से श्री आई० बी० बनर्जी के स्थान पर कलकत्ता तथा उड़ीसा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता कार्यालय में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सहायक समाहर्त्ता (प्रधान कार्यालय) का कार्य-भार संभाल लिया।

सं० 25—स्थानान्तरण पर, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सहायक समाहर्त्ता श्री आर० वी० सुखतंकर ने, जो हाल में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय मैसूर के अंतर्गत बेलगांव में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्त्ता के पद पर नियुक्त थे, 15 जनवरी 1966 के दोपहरपूर्व से केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता कार्यालय पटना के अंतर्गत केन्द्रीय उत्पादन शुल्क (तकनीकी), पटना, के सहायक समाहर्त्ता के नवनिर्मित पद का कार्य-भार संभाल लिया।

सं० 26—स्थानान्तरण पर, श्री एच० रामाराव ने, जो हाल में निरीक्षण निदेशालय (सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क) नई दिल्ली में सहायक समाहर्त्ता निरीक्षी अधिकारी के पद पर नियुक्त थे, 15 जनवरी 1966 के दोपहरपूर्व से श्री के० के० गांगुली के स्थान पर, जिनका स्थानान्तरण हो गया है, उक्त निदेशालय में सहायक समाहर्त्ता निरीक्षी अधिकारी मद्रास का कार्य-भार संभाल लिया।

सं० 27—श्री ए० एस० बेरार, सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क उप-समाहर्त्ता को, जो पिछले दिनों नई दिल्ली में सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक निरीक्षण निदेशक नियुक्त थे, श्री एच० आर० किदवई के स्थान पर, 17 जनवरी 1966 के दोपहर बाद से नई दिल्ली में सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क का उप निरीक्षण निदेशक नियुक्त किया गया है।

सं० 37—श्री के० एम० दिलीप सिंहजी, सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क उप-समाहर्त्ता को, जो पिछले दिनों केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता कार्यालय, दिल्ली, में नियुक्त थे, श्री ए० एस० बेरार के स्थान पर, 17 जनवरी 1966 के दोपहर बाद से सीमा-शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क, नई दिल्ली का सहायक निरीक्षण निदेशक नियुक्त किया गया है।

सं० 31—स्थानांतरण पर, श्री टामस कोशी ने, जो पिछले दिनों केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय हैदराबाद में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अधीक्षक श्रेणी-1 के पद पर नियुक्त थे, 1 जनवरी 1966 के दोपहरपूर्व से मैसूर केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय में सहायक समाहर्त्ता (तकनीकी) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, बंगलूर के नवनिर्मित पद का कार्य-भार संभाल लिया।

सं० 32—स्थानांतरण पर, श्री एम० एस० पै ने, जो पिछले दिनों कलकत्ता सीमा शुल्क गृह में सहायक समाहर्त्ता के पद पर नियुक्त थे, 14 जनवरी 1966 के दोपहर पूर्व से श्री ए० डी० नागपाल के स्थान पर, बम्बई सीमा शुल्क गृह में सहायक समाहर्त्ता, सीमा शुल्क का कार्य-भार संभाल लिया।

सं० 33—केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अधीक्षक श्री आर० पी० सेठी ने, जो पिछले दिनों कोटा में जिला अफीम अधिकारी के पद पर नियुक्त थे, 3 जनवरी 1966 के दोपहर बाद से श्री एच० एन० रैना के स्थान पर, असिस्टेंट नारकोटिक्स कमिश्नर, कोटा का कार्य-भार संभाल लिया ।

सं० 34—स्थानांतरण पर, श्री डी० आर० गुप्ता ने, जो पिछले दिनों कानपुर केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय के अंतर्गत सहारनपुर में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्त्ता के पद पर नियुक्त थे, 17 जनवरी 1966 के दोपहर बाद से श्री एन० एन० राय चौधरी के स्थान पर निरीक्षण-निदेशालय (सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क), नई दिल्ली में सहायक समाहर्त्ता निरीक्षी अधिकारी का कार्य-भार संभाल लिया ।

सं० 35—स्थानांतरण पर, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अधीक्षक श्रेणी-I श्री के० गोविन्दन् ने, जो पिछले दिनों केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता कार्यालय, हैदराबाद में नियुक्त थे, 28 जनवरी 1966 के दोपहर पूर्व से श्री वी० नटराजन् के स्थान पर, जो छुट्टी पर चले गये हैं, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता कार्यालय, मद्रास के अंतर्गत सहायक समाहर्त्ता, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, शिवकाशी, का कार्य-भार संभाल लिया ।

टी० रामस्वामी, अवर सचिव

(आयकर संस्थापन)

नई दिल्ली, दिनांक 10 फरवरी 1966

सं० 73—राष्ट्रपति जी ने श्री पी० एस० विश्वनाथन् निरीक्षण निदेशक (गवेषणा, सांख्यिकी तथा प्रकाशन), नई दिल्ली को 1 फरवरी 1966 से 31 मई 1966 तक सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी के रूप में 120 दिन की उपार्जित छुट्टी मंजूर कर दी है और श्री विश्वनाथन् को छुट्टी के बाद सेवा से निवृत्त होने की अनुमति प्रदान कर दी है ।

सं० 74—श्री एम० एस० नादकर्णी, निरीक्षण निदेशक (गवेषणा, सांख्यिकी तथा प्रकाशन), नई दिल्ली ने 31 जनवरी 1966 के दोपहर बाद को श्री पी० एस० विश्वनाथन् के स्थान पर, जो छुट्टी पर गये हैं, अपने स्वयं के कार्य के अतिरिक्त निरीक्षण निदेशक (आयकर), नई दिल्ली का कार्यभार संभाल लिया ।

दिनांक 15 फरवरी 1966

सं० 77—श्री वी० वी० बदामी, आयकर आयुक्त, पश्चिम बंगाल, कलकत्ता ने 3 फरवरी 1966 के दोपहरबाद को श्री आर० आर० चोपड़ा के स्थान पर, जो छुट्टी पर गये हैं, अपने स्वयं के कार्य के अतिरिक्त आयकर आयुक्त, (केन्द्रीय), कलकत्ता का कार्यभार संभाल लिया है।

सं० 78—श्री के० गोपालस्वामी, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, नेल्लूर ने 17 जनवरी 1966 के दोपहर पूर्व को अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, चित्तूर (नव निर्मित रेंज) का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया।

सं० 79—राष्ट्रपति जी ने श्री यू० एन० नारायण राव, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 1 फरवरी 1966 के दोपहर पूर्व से तथा अगला आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है । श्री राव ने उसी तारीख से श्री के० गोपालस्वामी, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, नेल्लूर को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुए अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, चित्तूर का कार्यभार संभाल लिया है ।

सं० 80—राष्ट्रपति जी ने श्री के० एस० साहनी, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 29 जनवरी 1966 के दोपहर बाद से तथा अगला आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है । श्री साहनी ने उसी तारीख से श्री एन० कृष्णन, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'ए'-रेंज, बम्बई को अतिरिक्त कार्य-भार से मुक्त करते हुये अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'आई'-रेंज, बम्बई का कार्यभार संभाल लिया है ।

सं० 81—राष्ट्रपति जी ने श्री आर० एस० झुंझनवाला, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 1 फरवरी 1966 के दोपहरबाद से तथा अगला आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है । श्री झुंझनवाला ने उसी तारीख से श्री एस० नारायणन्, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'जी' रेंज, बम्बई को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुए अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'एफ'-रेंज, बम्बई का कार्यभार संभाल लिया है ।

सं० 82—राष्ट्रपति जी ने श्री पी० एस० गोपालकृष्णन्, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 2 फरवरी 1966 के दोपहर पूर्व से तथा अगला आदेश होने तक, सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है, श्री गोपाल कृष्णन् ने उसी तारीख से श्री एस० पी० पाण्डे, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'जे'-रेंज, बम्बई को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुए अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'क्यू'-रेंज, बम्बई का कार्यभार संभाल लिया है ।

सं० 83—राष्ट्रपति जी ने श्री विशम्भर नाथ, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 1 फरवरी 1966 के दोपहर पूर्व से तथा अगला आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है । श्री विशम्भर नाथ ने उसी तारीख से श्री ए० सी० मुखर्जी, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, (केन्द्रीय) रेंज-II, कलकत्ता को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुये अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, (केन्द्रीय) रेंज-III, कलकत्ता का कार्यभार संभाल लिया है।

सं० 84—राष्ट्रपति जी ने श्री डी० गोस्वामी, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 25 जनवरी 1966 के दोपहर पूर्व से तथा अगला आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है । श्री गोस्वामी ने उसी तारीख से श्री के० राहा, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'ए'-रेंज, कटक को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुये अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'बी'-रेंज कटक का कार्यभार संभाल लिया है ।

सं० 85—श्री जी० पी० गुप्ता, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, जोधपुर ने 17 जनवरी 1966 के दोपहर पूर्व को अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, उदयपुर (नव निर्मित रेंज) का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया ।

सं० 86—राष्ट्रपति जी ने श्री जोगिन्दर सिंह, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 3 फरवरी 1966 के दोपहर पूर्व से तथा अगला आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है। श्री सिंह ने उसी तारीख से श्री जी० पी० गुप्ता, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, जोधपुर को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुये अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, उदयपुर का कार्यभार संभाल लिया है ।

सं० 87—राष्ट्रपति जी ने श्री बी० जे० चाको, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 4 फरवरी 1966 के दोपहर पूर्व से तथा अगला आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है, श्री चाको ने उसी तारीख से श्री के० आर० राघवन्, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, रेंज-I, पूना को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुये अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, रेंज-II, पूना का कार्यभार संभाल लिया है ।

दिनांक 17 फरवरी 1966

सं० 92—राष्ट्रपति जी ने श्री सी० बी० राठी, आयकर अफसर, श्रेणी-I, को 4 फरवरी 1966 के दोपहर पूर्व से तथा अगले आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है । श्री राठी ने उसी तारीख से श्री आर० आर० गुप्ता, अपीलीय

सहायक आयकर आयुक्त, 'ए'-रेंज अमृतसर को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करते हुए अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'बी'-रेंज, अमृतसर का कार्यभार सम्भाल लिया है।

सं० 93—राष्ट्रपति जी ने श्री एस० के० राय चौधरी, आयकर अफसर, श्रेणी-I को दिनांक 1 फरवरी 1966 के दोपहरपूर्व से तथा अगले आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है। श्री राय चौधरी ने उसी तारीख से अपीलीय सहायक आयुक्त 'यू'-रेंज कलकत्ता (नवनिर्मित रेंज) का कार्यभार सम्भाल लिया है।

सं० 94—राष्ट्रपति जी ने श्री के० दास गुप्ता, आयकर अफसर, श्रेणी-I को 2 फरवरी 1966 के दोपहरपूर्व से तथा अगले आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक आयकर आयुक्त नियुक्त किया है। श्री दास गुप्ता ने उसी तारीख से, श्री बी० सी० मित्रा के स्थान पर अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'वी'-रेंज, कलकत्ता का कार्यभार सम्भाल लिया है।

सं० 95—भार मुक्त होने पर श्री बी० सी० मित्रा ने 2 फरवरी 1966 के दोपहरपूर्व से अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त, 'टी'-रेंज, कलकत्ता (नवनिर्मित रेंज) का कार्यभार सम्भाल लिया है।

एम० जी० टामस, अवर सचिव

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 मार्च 1966

सं० पी० एफ० जी० (709)-ई०-1 (ए०)/66—राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक व्यय विभाग के अनुभाग अधिकारी (प्रोबेशनर) श्री आर० एल० हांडा को 23 दिसम्बर 1965 के पूर्वाह्न से वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के अनुभाग अधिकारी के पदक्रम में स्थायी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।

सं० पी० एफ० जी० (774)-ई०-1 (ए०)/66—राष्ट्रपति ने प्रसन्नतापूर्वक वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी और उसी सेवा के पदक्रम-1 के स्थानापन्न अधिकारी श्री सी० जे० लालवानी को वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में 10 जनवरी 1966 से 55 दिन की अवधि के लिए अनु-सचिव नियुक्त किया है।

सुमित्रा गांधी कुलकर्णी, अनु-सचिव

(रक्षा प्रभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 26 फरवरी 1966

सं० 20/19/65-एस्ट०—श्री ए० एन० जोशी, जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के सलेक्शन ग्रेड के एक अधिकारी हैं, को राष्ट्रपति 24-2-1966 (पूर्वाह्न) से 6 महीने तक वित्त मंत्रालय (रक्षा प्रभाग) में अपर वित्तीय सलाहकार (संयुक्त सचिव) के पद पर नियुक्त करते हैं।

एन० सी० कुप्पुस्वामी, उप-वित्तीय सलाहकार

नई दिल्ली, दिनांक 3 मार्च 1966

सं० 12298/एकाउंट्स/एन०—2 अक्तूबर 1965 के भारत राजपत्र भाग 1, खण्ड-2 के पृष्ठ 817 पर प्रकाशित इस मन्त्रालय की 20 सितम्बर 1965 की अधिसूचना सं० 12169/अकाउंट्स ए० एन० में अधिसूचित श्री भूप सिंह की अनुक्रम नियम के अधीन स्थानापन्न रूप से सहायक लेखा अधिकारी के पद पर प्रोफार्मा पदोन्नति की तारीख को संशोधित करके 20 जुलाई 1965 (पूर्वाह्न) के बजाए 28 जून 1965 (पूर्वाह्न) पढ़ा जाए।

सेव जी जैन,
सहायक वित्त सलाहकार
कृते वित्त सलाहकार-रक्षा सेवा

सं० 10021/अकाउंट्स/ए०-एन०—भारतीय रक्षा-लेखा सेवा के अधिकारी, श्री एस० एन० सचदेव, को 3 जनवरी 1966 के पूर्वाह्न को वार्द्धक्य निवर्तन आयु प्राप्त करने पर, पेंशन स्थापन में भेज दिया गया है और उसी तारीख से उनका नाम इस संगठन की नफरी से काट दिया गया है।

श्री सचदेव को 3 जनवरी 1966 से 4 अप्रैल 1966 तक की अवधि की अस्वीकृत छुट्टी दी गई है।

सं० 12156/अकाउंट्स/ए० एन०—रक्षा लेखा नियन्त्रक, पश्चिमी कमान, मेरठ के कार्यालय के सहायक लेखा अधिकारी श्री रामदेव शौरी को, जिन्हें गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 33/18/62-एस्ट०-दिनांक 30-11-62 के पैरा 6 के उपबन्धों के अनुसार वित्तीय सलाहकार द्वारा 12 नवम्बर 1964 को सेवा निवृत्ति का तीन महीने का नोटिस दिया गया था, 12 फरवरी 1965 के पूर्वाह्न से पेंशन स्थापना में भेज दिया गया है।

सं० 18035/अकाउंट्स/ए० एन०—अपनी प्रतिनियुक्ति की पदावधि पूरी कर चुकने पर निम्नलिखित अस्थायी रक्षा-लेखा उप-नियंत्रकों को 30 नवम्बर 1965 के अपराह्न से रक्षा-लेखा विभाग की नफरी से हटा दिया गया है। उनको उनके नाम के सामने दी गई अवधि के लिये सेवान्त छुट्टी के रूप में अर्जित छुट्टी दी गई है :—

नाम		छुट्टी
1. श्री डी० एन० वर्मा	82 दिन	1-12-65 से 20-2-66 तक
श्री एम० के० कृष्णा आयार	36 दिन	1-12-65 से 5-1-66 तक
श्री जी० ओ० ब्राऊन	48 दिन	1-12-65 से 17-1-66 तक
श्री नन्द खान	49 दिन	1-12-65 से 18-1-66 तक

सेवाजी जैन, सहायक वित्त सलाहकार

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क बोर्ड

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क संस्थापन

नई दिल्ली, दिनांक 2 मार्च 1966

सं० 1—केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय, बड़ौदा में उप-अधीक्षक (का) श्री एम० एम० अन्तानी को 4 जनवरी 1966 के दोपहर पूर्व से तथा अगला आदेश होने तक, स्थानापन्न सहायक मुख्य लेखा अधिकारी नियुक्त किया गया है और श्री अन्तानी को केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्त्ता-कार्यालय, शिलांग में, श्री ए० राय चौधरी के स्थान पर, जो छुट्टी पर चले गये हैं, सहायक मुख्य लेखा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

टी० रामस्वामी, अवर सचिव,
केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क बोर्ड

उद्योग मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 फरवरी 1966

सं० ई० 1(जी०) (पी० 53)-खण्ड-2—सूनपूर्व उद्योग और पूर्ति मंत्रालय (उद्योग विभाग) की इसी संख्या वाली अधिसूचना दिनांक 18 जनवरी 1966 में आंशिक रूपभेद करते हुए श्री पी० आर० नायक, आई० ए० एस०, उप-सचिव को 3 जनवरी 1966 से 76 दिनों का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है और उन्हें इस अवकाश के साथ 1 जनवरी की प्रतिबंधित छुट्टी और 2 जनवरी 1966 रविवार तथा बाद में 20 मार्च 1966, रविवार को जोड़ने की अनुमति दी जाती है।

आर० कल्याणसुन्दरम्, अवर सचिव

पूर्ति और तकनीकी विकास मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 फरवरी 1966

सं० 635/6/63—सिब्बन्दी पूर्ति 1—राष्ट्रपति, इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 1964 के परिणाम के आधार पर नामजद उम्मीदवार श्री रोचो जी० बडलानी को भारतीय पूर्ति सेवा के ग्रेड 3 में 5 फरवरी, 1966 से परख पर, सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० 35/6/63—सिब्बन्दी पूर्ति 1—राष्ट्रपति, इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 1964 के परिणाम के आधार पर निम्नलिखित नामजद उम्मीदवारों को उनके सामने दी गई तारीखों से, भारतीय पूर्ति सेवा (श्रेणी 1) के ग्रेड 3 में परख पर, सहर्ष नियुक्त करते हैं :—

श्री रमेश चन्द्र मलिक	.	19-2-1966
श्री ओं प्रकाश श्रीवास्तव	.	19-2-1966
श्री ए० के० कल्यानारामन	.	17-2-1966
श्री हरबन्स लाल अनेजा	.	17-2-1966
श्री मनमोहन कोहली	.	27-12-1965

सं० 5/47/65-सिब्बन्दी पूर्ति 1—राष्ट्रपति, पूर्ति और निपटान निदेशालय, कलकत्ता में सहायक पूर्ति निदेशक (ग्रेड 2) श्री एच० टी० एलियास को कलकत्ता स्थित उसी निदेशालय में स्थानापन्न सहायक पूर्ति निदेशक (ग्रेड 1) के रूप में, 31-1-1966 से आगामी आदेश तक, सहर्ष नियुक्त करते हैं।

आर० राजागोपालन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 1 मार्च 1966

सं० 29/129/65-सिब्बन्दी—पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय के रसायन विभाग को बदली होने पर, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के स्थायी ग्रेड 1 अधिकारी श्री एम० एन० काले ने 15 फरवरी 1966 के अपराह्न को तकनीकी विकास महानिदेशालय में विकास अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

एस० राजारामन, अवर सचिव

स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० 27-13/64-पी० एच० (एल० एण्ड इ०)—श्री एस० पी० भौमिक ने 20 मार्च 1965 से अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान एवं जन स्वास्थ्य संस्थान्, कलकत्ता से सहायक प्राध्यापक, सांख्यिकी के पद का कार्यभार छोड़ दिया है।

सं० 27-17/65-जन स्वास्थ्य—राष्ट्रपति, डा० पी० के० दत्त को 30 जुलाई 1962 से अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान एवं जन स्वास्थ्य संस्थान्, कलकत्ता में जैव-रसायन तथा पौषणशास्त्र के सहायक प्राध्यापक के पद पर स्थायी रूप से नियुक्त करते ह।

बणेशर नाथ, अवर सचिव

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 23 फरवरी 1966

सं० 5-21/65-सिब्बन्दी-1—राष्ट्रपति जी, डा० के० एन० सिंघल जो विस्तार निदेशालय के विशेषज्ञ (भूमि तथा उर्वरक) हैं को खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय (कृषि विभाग) में स्थायी रूप से सहायक उर्वरक सलाहकार के स्थायी पद पर पहली अगस्त 1965 से नियुक्त करते हैं।

जि० न० कौल, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 2 मार्च 1966

सं० 10-6/65 ए० ई०—राष्ट्रपति जी, श्री तेज मल डाक को 9 फरवरी 1966 (पूर्वाह्न) से खाद्य और कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) के विस्तार शिक्षा संस्थान, निलोखेड़ी में अध्यापक, ग्राम समाज विज्ञान के पद पर अस्थाई तौर पर नियुक्त करते हैं।

सन्तोख सिंह, अवर सचिव

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्)

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० 2-51/66-एल०—राष्ट्रपति सहर्ष श्री रोशनलाल खेर को भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान इज्जत नगर में 21 फरवरी 1966 (पूर्वाह्न) से लेकर अगले आदेश मिलने तक स्थानापन्न रूप से बैक्ट्रोलोजिस्ट नियुक्त करते है।

दलीप सिंह, अवर सचिव

(खाद्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 16 फरवरी 1966

सं० 110(294)-66-स्था०-1—श्री बी० एस० शुक्ला उप-निदेशक (तकनीकी) को 29 जनवरी 1966 के मध्याह्न से संयुक्त निदेशक (खाद्य) बिलासपुर (म० प्र०) के पद के काम का वर्तमान कार्यभार सम्भालने के लिये नियुक्त किया गया है।

दिनांक 19 फरवरी 1966

सं० 7(4) 66-स्था०-1—राष्ट्रपति, श्री एन० आर० नरायना स्थायी केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा प्रथम श्रेणी के अधिकारी और सचिव (खाद्य) के निजी सचिव को खाद्य मन्त्री के निजी सचिव के पद पर 31 जनवरी 1966 के अपराह्न से अन्य आदेश होने तक नियुक्त करते हैं।

दिनांक 24 फरवरी 1966

सं० 22(530)-66-स्था०-1—राष्ट्रपति, श्री ओ० डी० मूर्ति लोक सभा सचिवालय के स्थाई आशुलिपिक को खाद्य तथा कृषि मन्त्रालय (खाद्य विभाग) में खाद्य मन्त्री के व्यक्ति सहायक के पद पर 29 जनवरी 1966 के पूर्वाह्न से अन्य आदेश होने तक नियुक्त करते हैं।

पी० कृष्णामूर्ति, अवर सचिव

(सामुदायिक विकास तथा सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 25 फरवरी 1966

सं० एफ० 1/23/64-प्रशासन—राष्ट्रपति, परिवहन मंत्रालय (परिवहन विभाग) के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के स्थायी ग्रेड 2 (संयुक्त) अफ़सर तथा इससे पहले रक्षा मंत्रालय में निजी सहायक के रूप में काम कर रहे श्री पी० एस० पर्वाथीसम को रक्षा मंत्रालय से तबादला होने पर 14 फ़रवरी 1966 को दोपहर के पहले से खाद्य, कृषि, समुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय में उप-मंत्री के निजि सचिव नियुक्त करते हैं।

राम देव, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1966

स० पर/31 टी०आई०—नवप्रशिक्षण और अध्ययन केन्द्र, बख्शी का तालाब, लखनऊ के श्री जे० त्रिपाठी ने अपने पद का कार्यभार तारीख 14-2-66 के दोपहर के बाद से छोड़ दिया। उसी तारीख से उनकी सेवाएं यू० पी० राज्य सरकार को सौंप दी गईं।

एस० के० पालित, अवर सचिव

शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 फरवरी 1966

सं० एफ०-15/71/57 ई०-I—सी० एस० एस० के ग्रेड-1 के स्थायी अधिकारी तथा सेवा के चुनीदा ग्रेड में स्थानापन्न, श्री पी० सोमासेखरन को 15 जनवरी 1966 से 22 जनवरी 1966 तक की अगली अवधि के लिये शिक्षा मंत्रालय में स्थानापन्न उप-सचिव नियुक्त किया गया था ।

श्री पी० सोमासेखरन 22 जनवरी 1966 के अपराह्न से शिक्षा मंत्रालय में अवर सचिव प्रत्यावर्तित हुए ।

के० एस० अहलुवालिया, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 2 मार्च 1966

सं० एफ०-6/58/65-सी०-2—राष्ट्रपति निम्न अधिकारियों को उनके आगे दी गई तारीख से राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के कला विभाग में उप रक्षक के पदों में सहर्ष स्थायी करते हैं :—

अधिकारी का नाम	जिस तारीख से स्थायी किए गए
1. श्री वाई० के० बुखारी	23 दिसम्बर 1960
2. श्री आई० डी० माथुर	10 मार्च 1964

ए० एस० तलवार, अवर सचिव

संचार विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 25 फरवरी 1966

सं० 4-इ०(6)/66—राष्ट्रपति ने अनुग्रह करके, डाक और तार निदेशालय में काम कर रहे एक स्थायी सहायक श्री एम० आर० अहलूवालिया को 14 जनवरी, 1966 के पूर्वाह्न से और अगले आदेशों तक, अनुभाग-अधिकारी पदक्रम में स्थानापन्न रूप से काम करने के लिये नियुक्त किया है ।

श्री अहलूवालिया को डाक और तार निदेशालय में, अनुभाग अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है ।

सं० 4-इ०(6)/65—राष्ट्रपति ने अनुग्रह करके, संचार तथा नागर विमानन विभागों के संवर्ग के एक स्थायी सहायक, तथा पूर्ति और तकनीकी विकास मंत्रालय में सहायक के रूप में कार्य कर रहे श्री के० एन० राव को 19 फरवरी 1966 के पूर्वाह्न से और अगले आदेशों तक, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी पदक्रम में, स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिये नियुक्त किया है ।

श्री राव को संचार विभाग (मुख्य) में अनुभाग-अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है ।

दिनांक 1 मार्च 1966

सं० 4-ई०(6)/66—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी पदक्रम के स्थायी पदाधिकारी तथा डाक और तार निदेशालय में अनुभाग अधिकारियों के रूप में काम कर रहे सर्वश्री उदय दिवेटिया तथा एन० के० वैष्णव की सेवाएं 22 फरवरी 1966 से सहायक कार्यकारी अधिकारियों के रूप में नियुक्ति के लिए इण्डियन ड्रग्ज एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली को सौंप दी गई हैं ।

सुमेरचन्द जैन, अवर सचिव

परिवहन और विमानन मंत्रालय

(परिवहन, जहाजरानी और पर्यटन विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 24 फरवरी 1966

सं० 2-टी० ए०III(14)/65—राष्ट्रपति, प्रकाशन विभाग के श्री सी० एल० नारासिमहन, परीक्षक (प्रमाण) को दिनांक 27 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से अगले आदेश दिए जाने तक पर्यटन विभाग में अस्थाई रूप से निदेशक के पद पर नियुक्त करते हैं ।

मा० कृ० भाटे, अवर सचिव

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० ई० 1(43)/65—परिवहन मंत्रालय की केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के अनुभाग अधिकारी वर्ग में स्थायी अधिकारी श्री एम० के० गिदवानी को परिवहन मंत्रालय (सड़क पक्ष) में 1-1-66 से 7-1-66 तक स्थानापन्न तौर से अवर सचिव के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है । उन्होंने 7 जनवरी 1966 के अपराह्न से परिवहन मंत्रालय (सड़क पक्ष) में अवर सचिव के पद का कार्यभार त्याग दिया । वे उसी दिनांक से परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष) में अनुभाग अधिकारी तैनात कर दिए गए ।

राम किशोर, अवर सचिव

पत्तन

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 1966

सं० 8-पी० डी० 1(7)164—पी०जी०—राष्ट्रपति ने 14 दिसम्बर 1965 के पूर्वाह्न से तथा अगला आदेश न होने तक, महाराष्ट्र के महालेखाकार के कार्यालय के एस० ए० एस० लेखाकार, श्री जी० टी० पराडकर को परिवहन मंत्रालय (बंबई की एकाउंटिंग सेल) में प्रतिनियुक्ति पर अनुभाग अधिकारी नियुक्त किया है ।

आर० रंगराजन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 26 फरवरी 1966

सं० 9-पी० ई०(19)/66—कलकत्ता पोर्ट एक्ट 1890 (1890 का बंगाल एक्ट 3) की धारा 12 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये केन्द्रीय सरकार ने श्री बी० बी० घोष, कलकत्ता के पत्तन के आयुक्तों के अध्यक्ष, को 4 फरवरी से 5 मार्च 1966 तक तीस दिनों की अर्जित छुट्टी प्रदान की है ।

प्यारे लाल गुप्त, अवर सचिव

(दीपघर और दीपपोत)

नई दिल्ली, दिनांक 26 फरवरी 1966

सं० 11 एम० एल० (1)/66—सचिव परिवहन तथा विमानन मंत्रालय, परिवहन, नौवहन और पर्यटन विभाग (परिवहन पक्ष) ने श्री बी० जी० नखवा, मैकेनिक, लाइट हाउस वर्कशाप, बंबई, को, 17 जनवरी 1966 (पूर्वाह्न) से और अगला आदेश न होने तक, श्री ए० एल० नरसिंहम्, जिन्हें छुट्टी दी गई है, के स्थान पर उसी वर्कशाप में स्थानापन्न तौर पर इंजीनियर पर्यवेक्षक नियुक्त किया है ।

जसवन्त सिंह, अवर सचिव

(व्यापारिक नौपरिवहन)

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० 6-एम० ए० (7)/64—राष्ट्रपति ने 20 जनवरी 1966 के अपराह्न से अगला आदेश न होने तक श्री जे० पी० मलिक, आयात और निर्यात के नियंत्रक, कलकत्ता, को अस्थायी तौर पर शिपिंग मास्टर, कलकत्ता, नियुक्त किया है ।

श्री के० जी० देशपांडे, अस्थायी शिपिंग मास्टर, कलकत्ता ने 20 जनवरी 1966 की अपराह्न को पद का कार्यभार छोड़ दिया और उसी दिनांक से स्थानापन्न डिप्टी शिपिंग मास्टर, कलकत्ता, के पद पर वापस चले गये ।

वि० के० रक्षित, अवर सचिव

(सड़क पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1966

सं० ए०-3(17)/65—राष्ट्रपति ने 21 फरवरी 1966 के पूर्वाह्न से अगला आदेश न होने तक पश्चिम बंगाल सरकार के लोक निर्माण (सड़क) विभाग में स्थायी सहायक इंजीनियर, श्री ऊमा पदा सरकार को परिवहन और विमानन मंत्रालय, परिवहन नौवहन और पर्यटन विभाग (सड़क पक्ष) में स्थानापन्न तौर पर विभागीय इंजीनियर सलाहकार नियुक्त किया है ।

